an>

Title: Need to expedite four-laning of National Highway No. 6 passing through Jalgaon, Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव) : भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग 6 को चार लेन का बनाने का निर्णय लिया है तथा साथ ही, महाराष्ट्र के जलगांव में पड़ने वाले इसके हिस्से पर जलगांव और पारोल एक बाईपास का निर्माण किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके निर्माण में लगभग पांच साल का समय लगेगा। जलगांव शहर के अंदर पड़ने वाला राजमार्ग 6 का हिस्सा इस समय एक लेन का है तथा बहुत ही खराब स्थिति में है। खराब सड़क व भारी यातायात के चलते ट्रैफिक जाम की स्थिति हर समय बनी रहती है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढों के कारण अनेकों दुर्घटनाएं होती रहती है तथा इस क्षेत्र के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध है कि जब तक बाईपास का निर्माण हो, तब तक अस्थायी इंतजाम के तौर पर जलगांव शहर में पड़ने वाले हिस्से को शीघ्रातिशीघ्र चार लेन में बदलकर उसकी मरम्मत की जाए ताकि इस क्षेत्र के नागरिकों को सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम से कुछ राहत मिल सके।